


## राजनीतिक

- **क्या वे नितिन नबीन की टीम का हिस्सा होंगे?**

ग्रेपवाइन का कहना है कि वे बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन की नई टीम में शामिल होने जा रहे हैं. वे हैं सुश्री प्रदीप सिंहजी गुजरात, रविंदर रैना जम्मू और कश्मीर, वीडी शर्मा मध्य प्रदेश अतुल कुमार बिहार, हरीश द्विवेदी उत्तर प्रदेश, रमेश बिधूड़ी दिल्ली, निशिकांत दुबे झारखंड, अन्नामलाई तमिलनाडु, सुधाकर रेड्डी कर्नाटक, तरूण चुघ पंजाब, कैप्टन अभिमन्यु हरियाणा, संजीव बालियान उत्तर प्रदेश, मनीष सिंह दिल्ली, अनंत मिश्रा संगठन, आनंद मिश्रा बिहार और केपी मौर्य उत्तर प्रदेश। कोई भी इंतजार कर सकता है और देख सकता है।

- **चुनाव आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल में चुनाव की तारीखों की घोषणा 17 या 18 मार्च को किए जाने की संभावना है**

चुनाव आयोग द्वारा आगामी पश्चिम बंगाल चुनावों की तारीखों की घोषणा 17 या 18 मार्च को किए जाने की संभावना है।

- **भारत सरकार द्वारा दैनिक ब्रीफिंग आयोजित की जाएगी**

वैश्विक घटनाक्रमों के मद्देनजर, केंद्र ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में प्रतिदिन शाम 5:00 बजे एक ब्रीफिंग आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह ब्रीफिंग पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और जहाजरानी मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दी जाएगी।

## प्रशासनिक



- **महेश चंद्र लड्ढा एडीजी के पद पर सूचीबद्ध**

महेश चंद्र लड्ढा को भारत सरकार में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वे आंध्र प्रदेश कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **मलोथु रामुलु नाइक एडीजी के रूप में सूचीबद्ध**

मालोथु रामुलु नाइक को भारत सरकार में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) के समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वे बिहार कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **रत्न संजय कटियार एडीजी के रूप में सूचीबद्ध**

रत्न संजय कटियार को भारत सरकार में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वे बिहार कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **अमित कुमार एडीजी के रूप में नियुक्त**

अमित कुमार को भारत सरकार में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) के समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वे छत्तीसगढ़ कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **पटेल पीयूष पुरूषोत्तम दास एडीजी के रूप में सूचीबद्ध**

पटेल पीयूष पुरुषोत्तम दास को भारत सरकार में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वे गुजरात कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **राजीव रंजन भगत एडीजी के रूप में सूचीबद्ध**

राजीव रंजन भगत को भारत सरकार में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वे गुजरात कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **दिनेश कुमार यादव एडीजी के पद पर सूचीबद्ध**

दिनेश कुमार यादव को भारत सरकार में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वे हिमाचल प्रदेश कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **विकास कुमार अरोरा को एडीजी के रूप में पैनल में शामिल**



विकास कुमार अरोरा को भारत सरकार में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) के समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वे हरियाणा कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **अशोक कुमार एडीजी के पद पर सूचीबद्ध**

अशोक यादव को भारत सरकार में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) के समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वे केरल कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **दिनेंद्र कश्यप एडीजी के पद पर सूचीबद्ध**

दिनेन्द्र कश्यप को भारत सरकार में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) के समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वे केरल कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **एच वेंकटेश एडीजी के रूप में पैनल में शामिल**

एच. वेंकटेश को भारत सरकार में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) के समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वे केरल कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **पंकज कुमार ठाकुर एडीजी के पद पर सूचीबद्ध**

पंकज कुमार ठाकुर को भारत सरकार में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वे कर्नाटक कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **सौमेंदु मुखर्जी एडीजी के रूप में सूचीबद्ध**

सौमेंदु मुखर्जी को भारत सरकार में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वे कर्नाटक कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **राजेश कुमार को एडीजी के पद पर सूचीबद्ध**

राजेश कुमार को भारत सरकार में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) के समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वे महाराष्ट्र कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **संतोष रस्तोगी एडीजी के रूप में नियुक्त**

संतोष रस्तोगी को भारत सरकार में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वे महाराष्ट्र कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **अंशुमान यादव एडीजी के पद पर सूचीबद्ध**

अंशुमन यादव को भारत सरकार में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वे मध्य प्रदेश कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **साजिद फरीद शापू एडीजी के रूप में नियुक्त**

साजिद फरीद शापू को भारत सरकार में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वे मध्य प्रदेश कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **एस देव दत्ता सिंह एडीजी के रूप में नियुक्त**

एस देव दत्ता सिंह को भारत सरकार में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वे ओडिशा कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **नीलाभ किशोर एडीजी के पद पर सूचीबद्ध**

नीलाभ किशोर को भारत सरकार में अतिरिक्त महानिदेशक और समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वे पंजाब कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **विक्रम सिंह मान एडीजी के रूप में नियुक्त**

विक्रम सिंह मान को भारत सरकार में अतिरिक्त महानिदेशक और समकक्ष पदों के लिए पैनल में शामिल किया गया है।

### मुख्यमंत्री योगी ने श्रीरामलला के किए दर्शन

# परिसर में निर्माण कार्यों की प्रगति की ली जानकारी

### हनुमानगढ़ी में संतों से भी मुलाकात कर पूछा कुशलक्षेम



**अयोध्या ।** गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किये। मुख्यमंत्री ने श्रीराम मंदिर परिसर में निर्माण कार्यों की प्रगति की की जानकारी भी ली।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या पहुंचने पर सबसे पहले संकटमोचन हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन किया और प्रदेश की सुख-शांति की कामना की। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी में संतों से भी मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री यहां सबसे पहले महंत प्रेमदास महाराज से मिले। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अन्य संतों से भी मिलकर उनका हालचाल जाना। यहां से निकल कर मुख्यमंत्री श्रीराम मंदिर पहुंचे।

यहां उन्होंने श्रीरामलला के दर्शन किए, आरती उतारी और मंदिर की परिक्रमा की। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी ने श्रीराम मंदिर परिसर के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति और आगामी योजनाओं से अवगत कराया।

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी का अयोध्या पहुंचने पर रामकथा पार्क हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान जनपद के प्रभारी मंत्री/कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र यादव, चंद्रभानु पासवान, अमित सिंह चौहान, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने देवीपाटन मंदिर में किया दर्शन पूजन, गौवंशों को खिलाया हरा चारा

**बलरामपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को देवीपाटन मंदिर गर्भगृह में माता पाटेश्वरी का दर्शन-पूजन किया और देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित गौशाला में पहुंचे, जहां उन्होंने गौवंशों को हरा चारा और गुड़ खिलाया तथा उन्हें दुलार किया। इस दौरान मंदिर भ्रमण के समय देवीपाटन पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी महाराज उनके साथ मौजूद रहे। मुख्यमंत्री दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को बलरामपुर पहुंचे थे। उन्होंने बलरामपुर में निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय एवं मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। इसके बाद उन्होंने देवीपाटन मंदिर पहुंच में रात्रि विश्राम किया। गुरुवार सुबह मां पाटेश्वरी जी के दर्शन पूजन उपरांत लगभग 9:35 बजे मुख्यमंत्री का काफिला देवीपाटन मंदिर से आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल, भवानीपुर के हेलीपैड पहुंचा, जहां से वह अयोध्या के लिए रवाना हो गए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 19 मार्च से शुरू होने वाले देवीपाटन राजकीय मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

# नोएडा के सेक्टर-4 में बिजली मीटर बनाने की फैक्टरी में लगी आग

### 30 से ज्यादा लोग घायल व 17 आईसीयू में भर्ती



**नोएडा ।** नोएडा थाना फेस-1 क्षेत्र के सेक्टर-4 में स्थित एक बिजली का मीटर बनाने वाली फैक्टरी में गुरुवार सुबह आग लग गई।दमकल विभाग की 20 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग के चलते भगदड़ मच गई, जिसमें 30 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। धुएं की चपेट में आने से कुछ लोग मूर्छित हो गए, जिन्हें आईसीयू में रखा गया है।

सेक्टर-4 में स्थित एक बिजली का मीटर बनाने वाली फैक्टरी में करीब ढाई सौ लोग काम कर रहे थे। आज सुबह 5.30 बजे फैक्टरी में अचानक आग लग गई। आग लगते ही चारो ओर धुआं भर गया, जिससे कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। भगदड़ और धुआं की चपेट में आने से 30 से अधिक लोग घायल हो गए। अपर पुलिस आयुक्त राजीव नारायण मिश्रा ने बताया कि बिजली का मीटर बनाने वाली फैक्टरी में अज्ञात कारण से आग लग गई। उस समय करीब ढाई सौ लोग काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि फायर ब्रिगेड की 20 गाड़ियां पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। उन्होंने बताया कि आग लगने की वजह से कंपनी में काम करने वाले लोगों में भगदड़ मच गई। इस घटना में रंजीत, पंकज, दिलीप यादव, राजेश कुमार, सागर कुमार झा, दीपू, जीतू, नीरज, प्रदीप, दिलीप, प्रवीण, आलोक, सुखबीर, उमेश ,अजीत, शिवनंदन, अमरजीत, रंजीत, मोहम्मद आलम, मुन्ना कुमार और पलाश सरकार सहित 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

# शीतला अष्टमी पर शीतला धाम में भक्ति की बयार, देवी गीतों पर झूमे श्रद्धालु

**मीरजापुर।** शीतला अष्टमी के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जनपद में अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला माता धाम में बुधवार की रात भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। मां शीतला का भव्य श्रृंगार किया गया और श्रद्धापूर्वक 56 भोग अर्पित किए गए। इसके बाद आयोजित शीतला महोत्सव में कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया।

महोत्सव में वाराणसी से आई दूरदर्शन और आकाशवाणी की लोक गायिका रंजना राय ने सबसे पहले बड़ी शीतला माता का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद जगमगाती रोशनी से सजे मंच पर पहुंचते ही उन्होंने मां का जयकारा लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। गायिका रंजना राय ने देवी गीत और पचरा जैसे 'निमिया की डार मईया झूलेली झूलनवा हो', 'खोलूं ना मोरी शीतला मईया झांझरी केवड़िया हो सेवकवा लोग ना' और 'जगदम्बे भवानी आई मोरे अंगना' जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। उनकी सुरीली आवाज पर श्रद्धालु भक्ति रस में डूबकर झूमते नजर आए। कार्यक्रम में कलाकार रविंद्र सिंह ज्योति, गीतांजलि मौर्या और काजल सहित अन्य कलाकारों ने भी एक से बढ़कर एक भजन और लोकगीत प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया। देर रात तक चले इस भक्ति संगीत कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं शीतला अष्टमी के अवसर पर शीतला धाम में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। सुबह आठ बजे से शुरू हुआ भंडारा पूरी रात और अगले दिन सुबह तक चलता रहा। दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर मां का आशीर्वाद लिया।

## वाराणसी में 14 से 16 मार्च तक अंतर्राष्ट्रीय गौ महोत्सव 2026 का आयोजन

**वाराणसी ।** अंतर्राष्ट्रीय गौ महोत्सव-2026 का आयोजन 14 मार्च से 16 मार्च तक वाराणसी में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के कृषि विज्ञान संस्थान के शताब्दी कृषि सभागार में होने जा रहा है। उक्त जानकारी आयोजन सदस्य धनंजय ओझा ने दी है। धनंजय ओझा ने कहा कि गौ संस्कृति का उत्सव, ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महोत्सव जैसे विषय बिंदु पर महोत्सव में चर्चा होगी। तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन गौ संरक्षण, पंचगव्य अनुसंधान, प्राकृतिक कृषि, ग्रामीण उद्यमिता तथा गौ-आधारित अर्थव्यवस्था के विकास को समर्पित रहने वाला है। इस महोत्सव में देश-विदेश के किसान, गौशाला संचालक, वैज्ञानिक, शोधार्थी, स्टार्टअप उद्यमी, नीति विशेषज्ञ तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एक मंच पर एकत्रित होंगे और गौ आधारित सतत विकास, जैविक कृषि, पंचगव्य चिकित्सा तथा ग्रामीण नवाचारों पर विचार-विमर्श करेंगे। इस आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गौ सेवा गतिविधि, सुरभि शोध संस्थान सहित कई सामाजिक संगठन सहयोग कर रहे हैं।

# वाराणसी नगर निगम 57 वार्डों में बदलेगा पेयजल पाइप लाइन

**वाराणसी ।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी नगर निगम ने 57 वार्डों में पेयजल पाइप लाइन बदलने की तैयारी शुरू कर दी है। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने जलकल विभाग के महाप्रबन्धक अनूप सिंह को निर्देशित किया है कि नगर निगम सीमा के 57 वार्डों में पेयजल पाइप लाइन को बदले जाने का कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत किया जाए। अब पेयजल लाइन को बदले जाने के सम्बन्ध में सभी सहायक अभियंता एवं अवर अभियंताओं से इस बात (लाइन) का प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए जाने को निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई स्थान पर लाइन बदलने के लिये शेष नहीं है। यह जानकारी गुरूवार को नगर निगम के जनसंपर्क कार्यालय ने दी।

जनसंपर्क कार्यालय की ओर से बताया गया कि नगर आयुक्त ने आईजीआरएस एवं 311 टोल फ्री नम्बर पर प्राप्त होने वाले शिकायतों को लेकर खासतौर पर हिदायत दी गई है कि पूर्व में प्राप्त सभी शिकायतों को 72 घंटे के भीतर निस्तारण कराया जाए। साथ ही प्रतिदिन प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण में विलम्ब न किया जाए। नगर आयुक्त ने सीवर चेम्बर के मरम्मत के सम्बन्ध में निर्देशित किया कि मरम्मत होने वाले चेम्बरों का जियोटैग फोटो के साथ पूरा विवरण आनलाइन किया जाए, जिससे क्षेत्रीय नागरिकों को भी जानकारी प्राप्त हो सके। आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त ने जलकल को निर्देशित किया कि आम नागरिकों को सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छ एवं सुलभ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए स्थानों को चिन्हित करें। उन स्थानों पर वाटर कूलर लगाये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ किया जाए।

# यात्रियों की सुविधा के लिए चलेगी आनंद विहार टर्मिनल-टाटा नगर आरक्षित स्पेशल



**मुरादाबाद।** यात्रियों की सुविधा हेतु आनंद विहार टर्मिनल से टाटानगर के लिए स्पेशल रेलगाड़ी संख्या 04432 आनंद विहार टर्मिनल-टाटा नगर एक तरफा आरक्षित स्पेशल का 16 मार्च को केवल एक दिवस में एक तरफ से संचालन किया जाएगा। इसमें वातानुकूलित, स्लीपर एवं अनारक्षित कोच होंगे।

उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने गुरुवार शाम को बताया कि रेलगाड़ी संख्या 04432 आनंद विहार टर्मिनल-टाटा नगर आनंद विहार टर्मिनल से 16 मार्च को सुबह 5 बजे चलेगी जो सुबह 8:15 पर मुरादाबाद स्टेशन पहुंचेगी और 10 मिनट ठहराव के बाद मुरादाबाद से चलकर बरेली जंक्शन, लखनऊ, सुल्तानपुर, वाराणसी जंक्शन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, देहरी ऑन सोन, जपला, गढ़वा रोड, डाल्टनगंज, बरवाडीह, लातेहर, टोरी, बरकाकाना, मुरी, चांडिल स्टेशनों पर ठहराव लेते हुए अगले दिन 17 मार्च को दोपहर 1 बजे टाटानगर पहुंचेगी।

# खनन कार्यों में शिथिलता किसी भी दशा में क्षम्य नहीं : माला श्रीवास्तव

**लखनऊ। उत्तर** प्रदेश की सचिव एवं निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग माला श्रीवास्तव ने गुरूवार को प्रदेश में खनन विभाग के कार्यों, प्रवर्तन कार्यवाहियों, राजस्व प्राप्तियों तथा विभागीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा में सभी जनपदों में उपखनिजों के खनन, परिवहन तथा राजस्व प्राप्ति की स्थिति का गहन परीक्षण किया गया।

समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी जनपदों के खनन अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में उपखनिजों के अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर प्रभावी और ठोस कार्यवाही करते हुए पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप खनन विभाग को पूरी सक्रियता के साथ कार्य करना होगा तथा किसी भी स्थिति में अवैध गतिविधियों को पनपने नहीं दिया जाएगा। माला श्रीवास्तव ने यह भी निर्देश दिए कि नियमानुसार प्रवर्तन कार्यवाही को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा खनन से संबंधित राजस्व प्राप्तियों में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करें। कार्य में शिथिलता, लापरवाही या उदासीनता किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान कार्यों में शिथिलता, उदासीनता एवं कर्तव्यों का प्रभावी ढंग से निर्वहन न करने तथा निर्धारित राजस्व लक्ष्य के अनुरूप प्राप्ति न करने के कारण जनपद बांदा के खान अधिकारी राज रंजन कुमार तथा जनपद गोण्डा के खान अधिकारी अभय रंजन को वित्तीय वर्ष 2025-26 की मध्यावधि के लिए विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई है।

## आपका राशिफल 13 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-5-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-6-8-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-7-8-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेगे। शुभांक-4-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक 4 6 8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-3-6-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-3-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। बचते बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य पूर्ण होंग। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक 2 4 6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान रहेगा। शुभांक-3-5-7

# प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की कोई कमी नहीं, रसोई गैस की कमी के अफवाहों से बचें : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में रसोई गैस (एलपीजी) की निर्बाध और सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एलपीजी की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की घबराहट की स्थिति न बनने दी जाए तथा आमजन को समय-समय पर सही और तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर शासन के वरिष्ठ अधिकारियों और तेल कम्पनियों के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश में एलपीजी की वर्तमान मांग और आपूर्ति की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर कृत्रिम कमी उत्पन्न न होने पाए तथा जिन उपभोक्ताओं ने एलपीजी की बुकिंग कराई है, उन्हें निर्धारित नियमों के अनुसार समयबद्ध ढंग से सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही उपभोक्ताओं को उनकी अगली रिफिल की संभावित तिथि के संबंध में भी समुचित जानकारी उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थिति उतनी गंभीर नहीं है, जितना कि अफवाहों के माध्यम से प्रचारित करने का प्रयास किया जा रहा है। तेल कम्पनियां प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए एलपीजी की आपूर्ति और वितरण की वास्तविक स्थिति के बारे में आमजन को नियमित रूप से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार भी आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई वितरक एजेंसी अथवा निजी व्यक्ति कालाबाजारी या जमाखोरी में लिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोरतम कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आवश्यकता पड़ने पर एलपीजी वितरक केंद्रों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए, ताकि कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति न बने और वितरण कार्य सुचारु रूप से सम्पन्न हो सके। अधिकारियों ने बैठक में अवगत कराया कि प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है तथा इनके वितरण में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए विकल्प के रूप में प्रदेश को 80 लाख लीटर केरोसिन आवंटित किया गया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इसे विकल्प के रूप में रखा जाए और आवश्यकता के अनुसार इसका यथोचित वितरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने छात्रावासों, धर्मशालाओं, अस्पतालों, होटलों तथा विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों से संवाद स्थापित कर उन्हें वैकल्पिक ईंधन के उपयोग के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने खाद्य एवं रसद विभाग में कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक जिले की स्थिति की सतत निगरानी की जाए। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला पूर्ति अधिकारी तथा ऑयल कम्पनियों के स्थानीय प्रतिनिधि आपसी समन्वय से एलपीजी की समुचित आपूर्ति और वितरण सुनिश्चित करायें।